बाबर आजम को दोबारा पाकिस्तान का कप्तान नहीं बनाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाबर आजम टॉप -15 टी20 खिलाड़ियों में नहीं हैं। उनका स्ट्राइक रेट जो कि मात्र 129.46 है, वह भी उस स्तर का नहीं है। **- माइकल वॉन**

इंग्लैंड के इस पूर्व कप्तान, बाबर आजम के बारे में कहा।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

अमृता पुजारी

महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले की महिला पहलवान महाराष्ट्र केसरी विजेता अमृता शशिकांत पुजारी का चयन जॉर्डन में 22 से 30 जून तक होने वाली सीनियर एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता के लिए किया गया है एक बयान में कहा गया कि इस जिले की कागल तहसील के मुरगुड में सदाशिवराव मांडलिक राष्ट्रीय साई कुश्ती परिसर की खिलाड़ी अमृता राज्य से भारतीय कुश्ती टीम के लिए चुनी गई एकमात्र महिला पहलवान हैं। दिल्ली में आयोजित चयन परीक्षा में, अमृता का चयन 72 किलोग्राम समूह में हुआ और उन्होंने दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महिला पहलवानों को हराया।

क्या आप जानते हैं ?... बेसबॉल में औसतन 108 टांके होते है क्रिकेट बाल में 65 से 70 के बीच तथा फुटबॉल में 642 से अधिक टांके लगाये जाते हैं।

भारत और कनाडा का मैच बारिश में धुला

लॉडरहिल, 15 जून। बारिश और गीले मैदान के कारण शनिवार को यहां भारत और कनाडा के बीच टी20 विश्वकप का मैच बगैर गेंद फेंके रद्द घोषित कर दिया गया। सेंट्रल ब्रोवर्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ़ ग्राउंड पर दोनो टीमों के बीच भारतीय समयानुसार रात्रि आठ बजे मैच शुरु होना था जिसके लिये टॉस साढ़े सात बजे होना तय था लेकिन तेज बारिश और गीले मैदान के चलते टॉस संभव नहीं हो सका। बारिश रुकने के बाद ग्राउंड स्टाफ मैदान सुखाने के लिये कड़ी मेहनत की जिसे देखते हुये मैदानी अंपायरो ने रात्रि नौ बजे मैदान का निरीक्षण करने की घोषणा की है लेकिन इस बीच बारिश और मैदान गीला होने के कारण उन्हे मैच रद्द करने की घोषणा करनी पड़ी और दोनो टीमो को एक एक अंक बांट दिये गये। गौरतलब है कि ग्रुप ए में भारत और सह मेजबान अमेरिका पहले ही सुपर आठ में प्रवेश कर चुके हैं जबकि कनाडा विश्वकप से बाहर हो चुका है।

उचित क्रिकेट खेलने पर दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकता है अमेरिका : जोन्स

लॉडरहिल, 15 जून। अमेरिका के उप कप्तान आरोन जोन्स ने कहा कि अगर उनकी टीम उचित तरीके से और अपनी क्षमता के

अनुसार क्रिकेट खेलती है तो वह दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकती है। अमेरिका ने आयरलैंड के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह बनाई। पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे अमेरिका ने ग्रुप ए में कनाडा को सात विकेट से और पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया था। जोन्स ने संवाददाता सम्मेलन में कहा,"निश्चित तौर पर हम सुपर 8 की चुनौती को लेकर उत्साहित हैं। पिछले दो सप्ताह में हमने दिखाया कि हम प्रतिस्पर्धा पेश कर सकते हैं और आईसीसी के कुछ पूर्णकालिक सदस्य देशों को हरा सकते हैं।"

सुपर 8 में अमेरिका का सामना दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और संभवत: इंग्लैंड से होगा तथा जोन्स ने कहा कि उनकी टीम इन बड़ी टीमों को कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा,"ईमानदारी से कहूं तो अधिकतर लोगों ने अमेरिकी क्रिकेट पर बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया। शायद पूरी दुनिया को इससे पहले पता ही नहीं था कि हमारे पास कितनी प्रतिभा है और हमारे खिलाड़ी कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

यह हमारे लिए थोड़ा फायदेमंद रहा लेकिन निश्चित तौर पर अगर हम उचित क्रिकेट खेलते हैं और यह विश्वास रखते हैं कि हम दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकते हैं तो हम ऐसा कर सकते हैं।" अमेरिका ने सुपर 8 में जगह बनाकर 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। जोन्स ने कहा,"यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। पिछले दो वर्षों से हम विश्व कप में खेलने, पूर्णकालिक सदस्य देशों के खिलाफ अधिक मैच खेलने और इसी तरह के विषयों पर बात कर रहे थे। हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और सुपर 8 में प्रवेश करना शानदार है।"

नेपाल एक और उलटफेर करने से चूका, द. अफ्रीका से 1 रन से हारा

बाल-बाल बचा दक्षिण अफ्रीका, शम्सी बने हीरो

किंग्सटाउन, 15 जून। टी-20 विश्वकप का एक और उलटफेर शनिवार को होते होते बचा जब नेपाल ने पूरे मैच पर अपनी पकड़ रखने के बावजूद आखिरी गेंद पर अनुभवी दक्षिण अफ्रीका के सामने अपने हथियार डाल दिये। ऑर्नोस वेल ग्राउंड पर दक्षिण अफ्रीका ने पहले खेलते हुये सात विकेट पर 115 रन बनाये जिसके जवाब में नेपाल की टीम 20 ओवर के खेल में सात विकेट पर 114 रन ही बना सकी।

कुशल भुर्तेल (19 रन पर चार विकेट) और दीपेन्द्र सिंह एरी (21 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत नेपाल ने दक्षिण अफ्रीका को महज 115 रन पर रोक दिया था और बाद में आसिफ शेख (42) और अनिल साह (24) ने लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुये 18वें ओवर में चार विकेट के नुकसान पर स्कोरबोर्ड पर 99 रन टांग कर जीत की संभावनाओं को प्रबल कर दिया था मगर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के अनुभव और तबरेज शम्सी की घूमती हुयी गेदों के आगे नेपाल की टीम बुरी तरह लडखड़ा गयी और उनके आखिरी के तीन ओवर में उन्होने तीन विकेट खोकर महज 15 रन का इजाफा किया और हार के साथ संतोष कर लिया। तबरेज़ शम्सी ने दक्षिण अफ्रीका की इस जीत में अहम भूमिका निभाते हुए, चार महत्वपूर्ण विकेट झटके। एक समय नेपाल को सिर्फ़18 गेंदों में 18 रनों की ज़रूरत थी, तब शम्सी ने अपने स्पेल की आख़िरी ओवर में सिर्फ़ दो देकर दो विकेट झटके। इस ओवर के बाद दबाव ने अपना रूख़ नेपाल की टीम की तरफ़ मोड़ लिया था।

116 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, नेपाल की टीम का काफ़ी सहज तरीक़े से बल्लेबाज़ी कर रही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो दूसरी पारी में बल्लेबाज़ी आसान हो गई है। पहले स्पेल में दो विकेट झटकने वाले शम्सी को बाक़ी के गेंदबाज़ों का साथ नहीं मिला लेकिन दूसरे प्रयास में वह सफल हो गए। 18वें ओवर की शुरुआत से पहले नेपाल ने सिर्फ़ तीन विकेट गंवाए थे और उनकी टीम 100 रन के क़रीब थी लेकिन शम्सी ने अपनी स्पिन लेती गेंदबाज़ों से बल्लेबाज़ों को चारो खाने चित्त कर दिया और सिर्फ़ दो रन देकर दो विकेट झटके।

मैच के आख़िरी ओवर में भी नेपाल के पास मैच को ड्रॉ करने का मौक़ा था। एक गेंद में दो रनों की ज़रूरत थी और एक रन लेने के प्रयास में नॉन स्ट्राइकर एंड पर गुलशन झा ने बहुत बड़ी ग़लती कर दी। वह क्रीज़ में लगभग पहुंच चुके थे लेकिन अतिआश्वस्त होने के कारण वह रन आउट हो गए।

हॉकी इंडिया ने जूयिनर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 नामों की घोषण की

बेंगलुरु, 15 जून। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में 16 जून से शुरू होने वाले आगामी जूनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 40-खिलाड़ियों के संभावित समूह की घोषणा कर दी। यह शिविर भारतीय जूनियर पुरुष टीम के यूरोपीय दौरे के बाद आयोजित किया जा रहा है। जूनियर टीम ने 20 से 29 मई तक बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड क्लब टीम ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ पांच मैच खेले हैं। इस दौरान, भारत ने अपने पहले गेम में बेल्जियम के खिलाफ 2-2 (4-2) से जीत हासिल की, लेकिन दूसरे मैच में उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 2-3 से हार गया। उन्हें ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग के खिलाफ 5-4 की करीबी हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी के खिलाफ, भारत पहले गेम में 2-3 से हार गया था लेकिन रिटर्न मैच में 1-1 (3-1) से जीत हासिल की। शिविर कोच जनार्दन सीबी के नेतृत्व में और हॉकी इंडिया के उच्च प्रदर्शन निदेशक हरमन क्रूज़ की देखरेख में, 63 दिनों तक चलेगा, जो 18 अगस्त को समाप्त होगा। समूह में पांच गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह, गुरजोत सिंह, प्रभदीप सिंह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और गुरसेवक सिंह शामिल है।

आईओसी ने 14 रूसी एथलीटों को पेरिस ओलंपिक में प्रवेश की अनुमति दी

मॉस्को, 15 जून। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने पहले 14 रूसी एथलीटों को व्यक्तिगत तटस्थ एथलीटों के रूप में पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में प्रवेश की अनुमति दी है। आईओसी ने एक बयान जारी कर जिन एथलीटों को प्रवेश की अनुमति दी है, उनके एथलीट रोड साइक्लिंग (तमारा द्रोणोवा, अलीना इवानचेंको, एलेक्जेंडर व्लासोव), जिमनास्टिक्स (अंजेला ब्लाडसेवा) और कुश्ती (नाचिन मोंगुश, शमिल मामेदोव, अर्सलान बगाएव, अब्दुल्ला कुर्बानोव, एलन ओस्ताएव, मैगोमेड मुर्तज़ालिव, नताल्या मालिशेवा) के अलावा वेरोनिका चुमिकोवा, अलीना कसाबीवा, एलिसैवेटा पेटलियाकोवा शामिल हैं।

न्यूज़ीलैंड ने युगांडा को नौ विकेट से रौंदा

त्रिनिदाद, 15 जून। टी20 विश्वकप से बाहर हो चुकी न्यूज़ीलैंड ने युगांडा को मात्र 40 रनों पर समेट दिया और बाद में जीत के लक्ष्य को 5.2 ओवर में हासिल कर लिया। तारोबा के ब्रायन लारा स्टेडियम पर टिम साउदी ने चार ओवर के स्पेल में मात्र चार रन खर्च कर तीन विकेट झटके जबकि ट्रेंट बोल्ट,मिचेल सेंटनर और रचिन रविन्द्र ने दो दो खिलाड़ियों को आउट किया।

युगांडा की ओर से कैनेथ वैसवा (11) दहाई अंको तक पहुंचने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। युगांडा की इस मैच में एकमात्र उपलब्धि यह रही कि उन्होने 18.4 ओवर तक कीवी गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया जबकि बाद में बल्लेबाजी करने आयी न्यूज़ीलैंड का एक बल्लेबाज भी आउट करने में सफलता हासिल की।

युगांडा ने न्यूज़ीलैंड की टीम को पूरे मैच में 39 गेंद फेंकी जिसमें छह वाइड बाल और एक नो बाल रहीं। इस तरह न्यूज़ीलैंड यह मैच 5.2 ओवर में ही जीत सका। डेविड कान्वे 22 रन बना कर नाबाद लौटे। गौरतलब है कि अफगानिस्तान की पापुआ न्यू गिनी पर जीत के साथ न्यूज़ीलैंड की नॉकआउट चरण में पहुंचने की संभावनाये समाप्त हो गयी हैं।

देश के दिग्गज खेल पत्रकार हरपाल सिंह बेदी का निधन

नई दिल्ली, 15 जून। देश के जाने माने वरिष्ठ खेल पत्रकार और न्यूज एजेंसी यूनाइटेड न्यूज आफ इंडिया (यूएनआई) के खेल संपादक के पद पर रहे हरपाल सिंह बेदी का शनिवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। परिजनो के अनुसार बेदी पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आज सुबह उन्होने अंतिम सांस ली। बेदी लगभग 31 साल की सेवा पूरी करने के बाद अप्रैल 2011 में यूएनआई से सेवानिवृत्त हुये

थे जिसके बाद उन्होने समाचार पत्र स्टेट्समैन में बतौर सलाहकार संपादक के तौर पर अपनी सेवायें दी। उनके परिवार में पत्नी रेवती और बेटी पल्लवी हैं।

उन्होंने अपने करियर में आठ ओलंपिक खेलों के अलावा कई एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेलों के कई सत्र को ऑन ग्राउंड कवर किया। उन्होंने इसके साथ ही क्रिकेट और हॉकी के विश्व कप और एथलेटिक्स और अन्य प्रमुख ओलंपिक खेलों की विश्व और राष्ट्रीय चैंपियनशिप को भी कवर किया था। हॉकी इंडिया समेत कई खेल संस्थाओं और खेल शख्सियतों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बेदी का अंतिम संस्कार आज शाम किया जा रहा है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में छात्र जीवन से ही बेदी के करीबी मित्र रहे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अनुभवी पत्रकार के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

यह मेरा आखिरी टी-20 वर्ल्ड कप है : ट्रेंट बोल्ट

न्यूज़लैंड के सुपर-8 से बाहर होने पर ट्रेंट बोल्ड ने किया बड़ा ऐलान

त्रिनिदाद, 15 जून। टी20 वर्ल्ड कप में 2024 में न्यूज़ीलैंड टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। कीवी टीम पहले ही सुपर 8 की रेस से बाहर हो चुकी है। ग्रुप सी में मौजूद इस टीम ने अब तक 3 मैच खेले और उन्हें 2 में हार झेलनी पड़ी। वहीं न्यूज़ीलैंड टीम के इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ट्रेंट बोल्ट ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने टी20 क्रिकेट से संन्यास का मन बना लिया है। युगांडा के खिलाफ जीत के बाद ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि यह उनका आखिरी टी20 वर्ल्ड कप है।

बोल्ट 2011 में पदार्पण करने के बाद से न्यूज़ीलैंड टीम के अहम सदस्य रहे है। उन्हें टी20 विश्व कप , एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलने का अनुभव है। उन्होंने ने 2014 से चार टी20 विश्व कप में भाग लिया है। बोल्ट ने युगांडा पर न्यूज़ीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, " मैं अपनी बात करूं तो यह मेरा आखिरी टी20 विश्व कप होगा। मुझे बस इतना ही कहना है।" युगांडा के खिलाफ मैच से पहले ही न्यूज़ीलैंड की टीम विश्व कप के सुपर आठ दौर से बाहर हो गयी थी। टीम अब ग्रुप सी में अपने आखिरी मैच में पापुआ न्यू गिनी का सामना करेगी जो टी20 विश्व कप में 34 साल के इस बायें हाथ के गेंदबाज का आखिरी मैच होगा। उन्होंने सुपर आठ से बाहर होने पर कहा, " निश्चित रूप से हम टूर्नामेंट में ऐसी शुरुआत नहीं चाहते थे। इसे पचा पाना कठिन है। हम निराश है कि आगे नहीं बढ़ सके लेकिन जब भी आपको देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है, तो यह गर्व का क्षण होता है।"

टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला की तैयारी का मौका प्रदान करेंगे वनडे मुकाबले : हरमनप्रीत

बेंगलुरु, 15 जून । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि रविवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला उनकी टीम को आगे होने वाले टी20 के अहम मैचों से पहले रणनीति और परिस्थितियों का आकलन करने का मौका देगी। भारतीय महिला टीम जुलाई से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला से अक्टूबर में बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले लय हासिल करना चाहेगी।

हरमनप्रीत ने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, "हम वनडे को टी20 की तैयारी के मौके के तौर पर ले रहे हैं क्योंकि हम काफी टी20 मैच खेल रहे हैं। वनडे प्रारूप में बतौर खिलाड़ी आपके पास खुद का और परिस्थितियों का आकलन करने के लिए ज्यादा समय होता है।" उन्होंने कहा, "यह हमारे लिए अच्छा है कि हमें ज्यादा मैच खेलने का मौका मिल रहे हैं जिससे हमें खुद का प्रदर्शन देख पा रहे हैं। " श्रृंखला से पहले भारत के लिए शीर्ष क्रम बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और गेंदबाज पूजा वस्त्रकार की फिटनेस को लेकर चिंता बनी हुई थी। लेकिन हरमनप्रीत ने चिंताओं को खारिज करते हुए कहा, "ये खिलाड़ी ठीक हैं और अभी नेट पर अभ्यास भी कर रही हैं। वे मैच के लिए फिट हैं।

राजधानी

विपक्ष नहीं चाहता, देश का अन्नदाता सर्व संपन्न बने : भागीरथ चौधरी

जयपुर। केंद्रीय मंत्रीभागीरथ चौधरी के भाजपा मुख्यालय में पहली बार पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जबरदस्त स्वागत किया गया। इस दौरान केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष नहीं चाहता, देश का अन्नदाता सर्व संपन्न बने। जबकि पीएम मोदी किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में दिन-रात काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कोविड नहीं आता तो देश के किसान की आय 2022 तक दोगुनी हो जाती। मोदी सरकार 2014 से किसानों की आय दोगुनी करने में जुटी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना तभी सरकार हो सकती है, जब देश का किसान समृद्ध होगा और इस दिशा में मोदी सरकार काम कर रही है। चौधरी ने कहा कि मंत्रालय ने 100 दिन की कार्य योजना तैयार की है, जिसमें किसानों की छोटी- छोटी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 4 दिन से मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की है। मोदी का स्पष्ट निर्देश है कि हर हाल में किसानों के हित में काम किया जाए। किसान सर्व संपन्न बने। देश का अन्नदाता संपन्न होगा तो देश संपन्न होगा। चौधरी ने कहा कि जब तक देश का किसान खुशहाल नहीं बनेगा, तब तक विकसित भारत की कल्पना साकार नहीं हो सकती है। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के किसान की पिछले 10 सालों में जितनी सुध ली गई है, वह पिछले 70 साल में नहीं ली गई। मोदी सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में कई निर्णय लिए, लेकिन विपक्ष नहीं चाहता कि देश का किसान सम्पन्न हो। किसानों के हित में मोदी सरकार तीन कानून लेकर आई थी, लेकिन विपक्ष ने उन कानूनों का विरोध किया। चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की भलाई के लिए हर दिन काम कर रही है, लेकिन विपक्ष किसानों को इस दबी-कुचली व्यवस्था में रखना चाहता है, ताकि किसान आगे नहीं बढ़ें। उन्होंने कहा कि किसानों को उपज का पूरा मूल्य देने के लिए पिछले 10 साल में समर्थन मूल्य पर भारी बढ़ोतरी की है, जबकि विपक्ष ने 70 साल में किसानों को उपज का पूरा मूल्य दिया होता तो आज देश का अन्नदाता सर्व संपन्न होता।

इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए चौधरी ने कहा कि देश के किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में मोदी सरकार लगातार काम कर रही है। 2014 से जब से मोदी ने प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली तब से वह किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2022 तक जो किसानों की आय दोगुनी होने का कहा गया था, वह निश्चित रूप से लक्ष्य पूरा होता, लेकिन दो से ढाई साल कोविड होने के कारण वह लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया। अब जल्द किसान समृद्ध होंगे।

केंद्रीय मंत्रीभागीरथ चौधरी के भाजपा मुख्यालय में पहली बार पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जबरदस्त स्वागत किया गया।

पेपर लीक के आरोपियों को जमानत से इनकार

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर मेट्रो-द्वितीय की सीएमएम कोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले की आरोपी दो ट्रेनी एसआई प्रभा विश्नोई व अंकिता सहित वीक्षक राजू मैट्रिक्स व दिनेश की जमानत अर्जियों को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि पेपर लीक का मामला गंभीर है और ऐसे में आरोपियों को जमानत नहीं दे सकते।

आरोपियों की ओर से जमानत याचिका में कहा कि उन्हें मामले में अन्य आरोपियों के बयानों के आधार पर आरोपी बनाया है और उनका पेपर लीक मामले से कोई संबंध नहीं है। इसलिए उन्हें जमानत दी जाए। इसके विरोध में विशेष लोक अभियोजक सागर तिवाडी ने कहा कि आरोपी बीकानेर स्थित स्कूल से लीक हुए पेपर में शामिल रहे हैं। यह मामला गंभीर है और इसमें अनुसंधान जारी है। आरोपियों को जमानत देने से अनुसंधान प्रभावित होने की संभावना है।

इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया है। इसी तरह एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने राज्य सडक विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे पूर्व एएओ महेश चन्द्र गुप्ता की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है।

रहेजा डेवलपर्स पर एक लाख रुपए हर्जाना

- ग्राहक को अपार्टमेंट का कब्जा देरी से देने का मामला

जयपुर, (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-प्रथम ने विक्रय अनुबंध की शर्तों की अवहेलना कर ग्राहक को अपार्टमेंट का कब्जा देरी से देने को सेवादोष मानते हुए विपक्षी मै.रहेजा डेवलपर्स और मै. रहेजा नवोदया अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन गुड़गांव, हरियाणा पर एक लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। वहीं विपक्षी डेवलपर्स को निर्देश दिया है कि वे परिवादी को 1 दिसंबर, 2016 तक जमा कराई राशि पर अपार्टमेंट का कब्जा देने की तारीख 23 जनवरी 2021 तक की अवधि पर 6 फीसदी वार्षिक ब्याज का भुगतान करें। आयोग के अध्यक्ष डॉ. सूबेसिंह यादव व सदस्य नीलम शर्मा ने यह आदेश आस्था गुप्ता व अन्य के परिवाद पर दिया।

परिवाद में कहा गया कि उन्होंने दिसंबर 2011 में विपक्षी की गुरूग्राम स्थित आवासीय योजना रहेजा संपदा टावर्स में एक अपार्टमेंट खरीदने के लिए संपर्क किया। वहीं बाद में 23 दिसंबर 2011 को उनके बीच एक अपार्टमेंट विक्रय का अनुबंध हो गया। विपक्षी को अपार्टमेंट का कब्जा 36 महीने में देना था। परिवादी ने अपार्टमेंट खरीदने के लिए बैंक से 25 लाख रुपए का लोन भी लिया। उसने दिसंबर 2016 तक अपार्टमेंट की पूरी राशि दे दी, लेकिन विपक्षी डेवलपर्स ने उसे जनवरी 2021 में कब्जा दिया।

सराफ ने किया सीसी सड़क का उद्घाटन

जयपुर। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 134 अनीता कॉलोनी में सीसी सड़क का रिबिन काटकर लोकार्पण किया। अनीता कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष विवेक सैकड़ा ने बताया की विधायक सराफ के प्रयास से नगर निगम ग्रेटर द्वारा 10 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क का नवीनीकरण कराया गया है जिसका आज लोकार्पण किया गया। विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया।